भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या – 1115

दिनांक 24.07.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

हिमाचल प्रदेश में पासपोर्ट सेवा केंद्र

1115. डॉ. राजीव भारद्वाजः

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में कार्यरत पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीएसके) की जिला–वार संख्या कितनी है; और

(ख) क्या हिमाचल प्रदेश सरकार से चंबा जिले में पासपोर्ट सेवा केंद्र खोलने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) वर्तमान में, हिमाचल प्रदेश में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) शिमला के अंतर्गत 01 पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) और 06 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) कार्यरत हैं। इसका विवरण निम्नानुसार है:

क्र. सं.	आर.पी.ओ. का नाम	लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र	पी.एस.के. / पी.ओ.पी.एस.के. का नाम	शहर का नाम
1		शिमला	पी.एस.के. शिमला	शिमला

क्र. सं.	आर.पी.ओ. का नाम	लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र	पी.एस.के. / पी.ओ.पी.एस.के. का नाम	शहर का नाम
2	आर.पी.ओ. शिमला	हमीरपुर	पी.ओ.पी.एस.के. हमीरपुर	हमीरपुर
3		हमीरपुर	पी.ओ.पी.एस.के. ऊना	ऊना
4		कांगड़ा	पी.ओ.पी.एस.के. कांगड़ा	कांगड़ा
5		कांगड़ा	पी.ओ.पी.एस.के. पालमपुर	पालमपुर
6		मंडी	पी.ओ.पी.एस.के. कुल्लू	कुल्लू
7		मंडी	पी.ओ.पी.एस.के. मंडी	मंडी

(ख) मंत्रालय को चंबा जिले में पीएसके खोलने के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। पासपोर्ट कार्यालयों (पीओ)/पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीएसके)/डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीओपीएसके) को खोलना एक सतत प्रक्रिया है और यह वर्तमान पीएसके/पीओपीएसके की उपलब्ध्ता, मौजूदा पीओ/पीएसके/पीओपीएसके से दूरी, किसी विशेष क्षेत्र से पासपोर्ट आवेदनों की बढ़ती मांग/मात्रा सहित विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। विदेश मंत्रालय ने डाक विभाग (डीओपी) के सहयोग से जनवरी 2017 में हिमाचल प्रदेश सहित देश के प्रत्येक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र (एलएससी) के उन प्रधान डाकघरों (एचपीओ)/डाकघरों (पीओ) में सेवा केंद्र खोलने का निर्णय लिया, जहाँ कोई पीएसके या पीओपीएसके नहीं है और जिन्हें डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) कहा जाता है। इस पहल के तहत, हिमाचल प्रदेश के सभी 04 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में या तो पीएसके या पीओपीएसके के दायरे में आते है।

*****